# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135–2669658 फैक्स न0 0135–2672902


पत्रांक–परीक्षा / 354 /2021–22 दिनांक 15 दिसम्बर, 2021

## कार्यालय ज्ञाप/अभ्यर्थन निरस्तीकरण वापस

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की विज्ञप्ति संख्या–05 दिनांक 03.08.2016 के द्वारा उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड के अन्तर्गत **पुस्तकालय लिपिक (पद कोड–36.1) के 25 पदों** हेतु दिनांक 22.04. 2018 को लिखित प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई। उक्त परीक्षा के आधार पर दिनांक 20–07–2018 को अभिलेख सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों की औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची जारी गई, जिनका 09.08.2018 को अभिलेख सत्यापन किया गया। उल्लेख करना है कि पुस्तकालय लिपिक हेतु **उत्तराखण्ड उच्च शिक्षा (पुस्तकालयीय सेवा संवर्ग) सेवा नियमावली, 2014** एवं आयोग के द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उक्त पद हेतु निर्धारित शैक्षिक योग्यता "**(1) इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष योग्यता। (2) केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाण पत्र।**" निर्धारित/ प्रख्यापित थीं।

अभिलेख सत्यापन की तिथि को **निम्नांकित अभ्यर्थियों के पास पुस्तकालय लिपिक** की सेवा नियमावली एवं आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुरूप निर्धारित शैक्षिक अर्हता न होने के दृष्टिगत आयोग के पत्र दिनांक (तालिका **के स्तम्भ–7 पर अंकित पत्र संख्या व तिथि** ) के द्वारा सम्बन्धित अभ्यर्थियों का पुस्तकालय लिपिक पद (कोड–36.1) हेतु अनिवार्य अर्हता न रखने के आधार पर अभ्यर्थन निरस्त किया गया। जिन अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त किया गया उनका विवरण निम्न तालिका में अवलोकनीय है :–

| क्र0 सं0 | अनुक्रमांक | नाम अभ्यर्थी | पिता का नाम | GENDER | शैक्षिक अर्हता | आयोग के पत्र दिनांक जिसके द्वारा अभ्यर्थन निरस्त किया गया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1201000289 | ANOOP SINGH | RAGHUVIR SINGH | GEN | B. Lib, M.Lib | पत्र संख्या–1265 दिनांक 05–01–2021 |
| 2 | 1202000386 | FARZANA AZIM | AZIM BAKHSH | GEN | B. Lib | पत्र संख्या–1266 दिनांक 05–01–2021 |
| 3 | 1201000159 | SANDEEP PUROHIT | JAGDAMBA PRASAD PUROHIT | GEN | B. Lib | पत्र संख्या–1267 दिनांक 05–01–2021 |
| 4 | 1202000035 | KUNDAN SINGH | JODH SINGH | GEN | B.Lib, M.Lib | पत्र संख्या–1268 दिनांक 05–01–2021 |
| 5 | 1201000526 | TAJBAR SINGH | KUNWAR SINGH | GEN | B.Lib | पत्र संख्या–1269 दिनांक 05–01–2021 |
| 6 | 1201000453 | URVASHI JUYAL | SUSHIL JUYAL | GEN-W | B.Lib | पत्र संख्या–1270 दिनांक 05–01–2021 |
| 7 | 1202000053 | TARA SINGH DANU | DEV SINGH DANU | GEN | B.Lib | पत्र संख्या–1271 दिनांक 05–01–2021 |
| 8 | 1202000344 | PRATIBHA KATHAIT | GAJPAL SINGH KATHAIT | GEN-W | B.Lib, M.Lib, NET | पत्र संख्या–1272 दिनांक 05–01–2021 |
| 9 | 1201000117 | MAHESH CHANDRA | SHANKAR DATT BALODI | GEN | B.Lib, M.Lib | पत्र संख्या–1273 दिनांक 05–01–2021 |
| 10 | 1202000024 | PUSHPA KARGETI | GOPAL SINGH KARGETI | GEN-W | D.Lib,B.Lib, M.Lib | पत्र संख्या–1274 दिनांक 05–01–2021 |
| 11 | 1202000419 | RENU ASGOLA | DEV SINGH ASGOLA | GEN-W | B.Lib | पत्र संख्या–1275 दिनांक 05–01–2021 |
| 12 | 1201000184 | KUMARI DEEKSHA KIMOTHI | SHRI N P KIMOTHI | GEN | B.Lib, M.Lib | पत्र संख्या–1276 दिनांक 05–01–2021 |
| 13 | 1202000428 | BHUPENDRA SINGH | PRATAP SINGH | GEN | B.Lib, M.Lib | पत्र संख्या–1277 दिनांक 05–01–2021 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | 1201000310 | AMITA | OM PRAKASH | GEN | B.Lib | पत्र संख्या–1278 दिनांक 05–01–2021 |
| 15 | 1201000581 | KUMARI SAROJ | UMESH CHAND MAURA | OBC-W | B.Lib | पत्र संख्या–1279 दिनांक 05–01–2021 |
| 16 | 1201000181 | PRIYANKA | YOGESH SINGH YADAV | OBC | B.Lib, M.Lib | पत्र संख्या–1280 दिनांक 05–01–2021 |
| 17 | 1202000431 | RAKESH SINGH | LAKHI RAM JOSHI | OBC | B.Lib, M.Lib | पत्र संख्या–1281 दिनांक 05–01–2021 |
| 18 | 1201000435 | PANKAJ VERMA | RAMESH RAM | SC | B.Lib | पत्र संख्या–1282 दिनांक 05–01–2021 |
| 19 | 1201000431 | SONJEET | JAL SINGH | SC | B.Lib, M.Lib | पत्र संख्या–1283 दिनांक 05–01–2021 |
| 20 | 1201000443 | NEERJESH KUMARI | BAL CHAND | SC-W | B.Lib, M.Lib | पत्र संख्या–1284 दिनांक 05–01–2021 |
| 21 | 1201000043 | PURAN CHAND | SH BHAWANA RAM | SC | B.Lib, M.Lib | पत्र संख्या–1285 दिनांक 05–01–2021 |

सूच्य है कि राज्य सरकार (उच्च शिक्षा विभाग) की अधिसूचना संख्या–764 दिरांक 14 जुलाई, 2021 के द्वारा **उत्तराखण्ड उच्च शिक्षा (पुस्तकालयीय सेवा सवंर्ग) सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2021** प्रख्यापित की गई है। अभ्यर्थियों को इस नियमावली दिनांक 14.07.2021 के प्रावधानों के अनुरूप चयन प्रक्रिया में नियमानुसार अवसर दिया जायेगा। इस नियमावली के द्वारा इस चयन के विज्ञापन की तिथि अर्थात् 03 अगस्त, 2016 से ही ऐसे अभ्यर्थियों को चयन की पात्रता अनुमन्य कर दी है जो विज्ञापन की तिथि को बी0लिब या एम0 लिब की उपाधि धारक थे। इस संबंध में पात्रता शर्तों में निम्न प्रावधान (परन्तुक) को जोड़ा गया है, **परन्तु उत्तराखण्ड अधीनस्थ चयन आयोग द्वारा विज्ञापित विज्ञापन संख्या–05 दिनांक 03 अगसत, 2016 के सापेक्ष पुस्तकालय लिपिक के सीधी भर्ती के पदों की चयन प्रक्रिया में सम्मिलित/चयनित हुए पुस्तकालय विज्ञान में बी0लिब0 अथवा एम0 लिब0 उपाधि धारक अभ्यर्थी भी विज्ञापित पदों पर नियुक्ति पाने के पात्र होंगें।**

शासन द्वारा **उच्च शिक्षा (पुस्तकालयीय सेवा सवंर्ग) सेवा (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2021 के परन्तुक में** दी गई उक्त व्यवस्था के संदर्भ में **मा0 आयोग के दिनांक 17 अगस्त, 2021** को आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार द्वारा सेवा नियमावली के प्रावधान में परन्तुक में जोडा गया है जिसमें यह स्वतः स्पष्ट है कि दिनांक 03 अगस्त, 2016 को जारी विज्ञापन में पुस्तकालय लिपिक के पद पर ऐसे अभ्यर्थी भी पात्र हो गये है, जो चयन में सम्मिलित हुए थे व B.lib अथवा M.lib उपाधि धारक हैं। चूँकि यह व्यवस्था नियमावली में संशोधन की गई है अतः आयोग स्तर पर इस पर टिप्पणी का अवसर नहीं है, क्योंकि आयोग राज्य सरकार द्वारा प्रख्यापित नियमों के अनुरूप भर्ती की कार्रवाही करता है। अतः सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस प्रावधान के अनुरूप केवल उच्च शिक्षा विभाग के लिए विज्ञापन दिनांक 03–08–2016 को प्रकाशित पुस्तकालय लिपिक के पदों पर B.lib अथवा M.lib उपाधि धारक अभ्यर्थियों को भी पात्र माना जाय।

अतः शासन द्वारा पुस्तकालय लिपिक (पद कोड–36.1) की सेवा नियमावली 2021(द्वितीय संशोधन) के परन्तुक में दी गई व्यवस्था के क्रम में मा0 आयोग की बठैक में लिए गये निर्णय के अनुपालन में सम्यक् रूप से विचारोपरान्त उपरोक्त तालिका में अंकित अभ्यर्थियों के नाम के सम्मुख स्तम्भ–7 में अभ्यर्थन निरस्तीकरण हेतु जारी आदेश के पत्र संख्या 1265 से 1285 दिनांक 05.01.2021 को वापस लिए जाने का निर्णय लिया गया है।

तद्नुसार उपरोक्त के आधार पर आयोग द्वारा पूर्व में जारी अभ्यर्थन निरस्तीकरण हेतु जारी आयोग के पत्र संख्या–1265 से 1285 (कुल 21 पत्रों) दिनांक 05.01.2021 को वापस लिया जाता है।

15/12/21

**(सन्तोष बडोनी)**
सचिव